छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति, भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट)
रा.व.अनु.एवं प्रशि. सं. परिसर, विधान सभा के पास, बलौदा बाजार रोड़
जीरो पाईट, रायपुर, छ.ग 493111, दूरभाषः 0771-2283249
वेबसाईट : www.cgcert.com ई—मेलः cgcert@gmail.com

पत्र क्रमांक/सीजीसर्ट/09/ 931 रायपुर, दिनॉक 03/ 01/ 2025

//सूचना//

छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट) अंतर्गत संविदा पदों पर भर्ती हेतु दावा आपत्ति निराकरण पश्चात् पात्र / अपात्र अभ्यर्थियों की अंतिम सूची का प्रकाशन एवं पात्र अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार हेतु उपस्थिति के संबंध में

----00----

छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट), रायपुर द्वारा जारी विज्ञापन क्रमांक/सीजीसर्ट/स्था/09/02 रायपुर, दिनांक 03.12.2024 के द्वारा जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण एवं निरीक्षण कार्यो हेतु रिक्त कुल **03 संविदा पदों (01 पद क्वालिटी मैनेजर, 01 पद मूल्यांकनकर्ता, 01 पद फील्ड इंस्पेक्टर)** पर संविदा भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनॉक 20.12.2024 तक आमंत्रित किया गया था। जिसके पश्चात् प्रारंभिक परीक्षण उपरांत पात्र / अपात्र अभ्यर्थियों से दिनॉक 31.12.2024 समय सायं 5.00 बजे तक दस्तावेजी साक्ष्य संबंधी दावा आपत्ति को संस्था के ई— मेल cgcert@gmail.com के माध्यम से बुलाया गया था।

उक्त के संबंध में प्राप्त दावा आपत्तियों का संस्था स्तर पर गठित समिति द्वारा निराकरण पश्चात् पात्र / अपात्र अभ्यर्थियों की अंतिम सूची एवं केवल पात्र अभ्यर्थियों की पृथक सूची का प्रकाशन संस्था की वेबसाईट पर किया गया है। इस संबंध में पात्र अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार हेतु अपनी उपस्थिति दिनॉक 06.01.2025 को प्रातः 10.00 बजे कार्यालय छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट), राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर, विधान सभा के पास, बलौदा बाजार रोड़, जिरो पांईट, रायपुर, छ.ग में देवें। इस संबंध अभ्यर्थी साक्षात्कार दिवस पर मूल दस्तावेजों एवं स्व प्रमाणित दस्तावेज की छायाप्रति (2 प्रतियों में) स्वयं उपस्थित होकर अभिलेख सत्यापन हेतु लाया जाना अनिवार्य है जिसका विवरण निम्नलिखित हैः—

1. हाईस्कूल अंकसूची की मूलप्रति एवं छायाप्रति।
2. हायर सेकेण्ड्री अंकसूची की मूलप्रति एवं छायाप्रति।

Scanned with OKEN Scanner

3. स्नातक, स्नातकोत्तर एवं आवश्यक शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची की मूल एवं छायाप्रति।
4. निवासी प्रमाणपत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति।
5. जाति प्रमाणपत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति।
6. फोटो युक्त पहचान पत्र (आधारकार्ड, ड्रायविंग लायसेन्स, पैनकार्ड या कोई भी राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी पहचान कार्ड)।
7. अनुभव प्रमाणपत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति।
8. अन्य आवश्यक अभिलेख एवं छायाप्रति।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत
वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट)
रायपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with OKEN Scanner

छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति, भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट)
रा.व.अनु.एवं प्रशि. सं. परिसर, विधान सभा के पास, बलौदा बाजार रोड़
जीरो पाईट, रायपुर, छ.ग 493111, दूरभाषः 0771-2283249
वेबसाईट : www.cgcert.com ई—मेलः cgcert@gmail.com

पत्र कमांक/सीजीसर्ट/09/ 932 रायपुर, दिनॉक 03/ 01 / 2025

//सूचना//

छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट), रायपुर द्वारा जारी विज्ञापन क्रमांक/सीजीसर्ट/स्था/09/02 रायपुर, दिनांक 03.12.2024 के द्वारा जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण एवं निरीक्षण कार्यो हेतु रिक्त कुल **03 संविदा पदों (01 पद क्वालिटी मैनेजर, 01 पद मूल्यांकनकर्ता, 01 पद फील्ड इंस्पेक्टर)** के रूप में चयन करने हेतु दिनॉक 06.01.2025 को प्रातः 10.00 बजे आयोजित अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार के संबंध में निम्नानुसार निर्देश जारी किया जाता हैः—

1. क्वालिटी मैनेजर, मूल्यांकनकर्ता एवं फील्ड इंस्पेक्टर चयन हेतु व्यवस्था :—

स्थान : राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान मुख्य परिसर

क्र	पद विवरण	पंजीयन		अभिलेख सत्यापन		साक्षात्कार
		समय	स्थान	समय	स्थान	
1	2	3	4	5	6	7
1	क्वालिटी मैनेजर, मूल्यांकनकर्ता एवं फील्ड इंस्पेक्टर	प्रातः 10.00 बजे से 11.00 बजे तक	प्रथम तल कक्ष क्र. 114	प्रातः 11.30 बजे से	प्रथम तल कक्ष क्र. 116	भू — तक कक्ष क्र. 005

2- क्वालिटी मैनेजर, मूल्यांकनकर्ता एवं फील्ड इंस्पेक्टर हेतु साक्षात्कार के लिए निर्धारित समय पर सर्वप्रथम आवेदकों का पंजीयन करना आवश्यक होगा। प्रत्येक अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन के अनुरूप आवश्यक समस्त अभिलेख की प्रति के साथ दो फोटोग्राफ के साथ निर्धारित समय के पूर्व अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत
वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट)
रायपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with OKEN Scanner